चल चल साई धाम

चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,
तेरे बने गे सारे बिगड़े काम,
चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,

अपने मन की तू वीणा भजा ले,
उस के सुर से सुर ये मिला ले,
कर ले भजन तू सुबहो शाम,
चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,

इक पग रख तू साई के और,
सो पग रखे साई तेरी और,
साई दयालु लेंगे बहियाँ थाम,
चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,

प्रेम की मिश्री साई मन भाती,
भक्तो की भक्ति इनको रिझाती,
साई चरण में कर परनाम,
चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,

साई साई कहते चलते जाना,
आये कोई कष्ट तो मत गबराना,
सेवा तू साई की कर निष्काम,
चल चल साई धाम रट रट रट साई नाम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9143/title/chal-chal-sai-dhaam-rat-rat-sai-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |